दिन–बुधवार दिनांक– 03 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – परीक्षा में पेपर लीक एक बड़ी समस्या है और सरकार इससे निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

02. केन्द्र सरकार ने उत्तर बिहार में बाढ़ की समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।

03. प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिन्दी माध्यम में भी होगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– नये सत्र से लागू हो जायेगी नई व्यवस्था।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, गया, नालंदा और भागलपुर समेत ग्यारह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि परीक्षा में पेपर लीक एक बड़ी समस्या है और सरकार इससे निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि वे देश के युवाओं को आश्वस्त करना चाहते हैं कि सरकार ऐसे कृत्यों में शामिल किसी को भी नहीं छोड़ेगी।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दे रखी है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था दसवें से पांचवें स्थान पर पहुंच गयी है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री के भाषण की शुरूआत के बाद से ही विपक्ष लगातार हंगामा करता रहा। बाद में विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

———————————————————————

राज्यसभा की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई है। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद, सभापति जगदीप धनखड़ ने इसकी घोषणा की।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने उत्तर बिहार में बाढ़ की समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के निर्देश पर केंद्रीय जल आयोग ने पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। लोअर गंगा बेसिन ऑगेनाईजेशन के मुख्य अभियंता अम्बरीश नायक इस समिति के अध्यक्ष बनाये गये हैं। यह समिति उत्तर बिहार की नदियों के लिए नये बराज और अन्य संरचनाओं के निर्माण की संभावनाओं का पता लगाएगी। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि यह उत्तर बिहार में बाढ़ के समाधान की दिशा में एक बड़ी पहल है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री झा ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में अट्ठाईस जून को केंद्रीय वित्त मंत्री से संसद भवन स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की थी, जो काफी सार्थक रही है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में भी कराने का फैसला किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि नये सत्र से राज्य के सभी इक्कीस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी माध्यम से कराने की भी व्यवस्था प्रभावी कर दी गयी है।

———बाईट———

श्री पांडेय ने बताया कि मध्य प्रदेश के बाद बिहार देश का दूसरा राज्य बन गया है, जहां मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्रों को हिंदी में भी पढ़ाई करने का विकल्प रहेगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था एक उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा पर प्रभावी की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————

हेमंत सोरेन झारखंड के नये मुख्यमंत्री होंगे। श्री सोरेन ने राज्यपाल से मुलाकात सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पूर्व निवर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने

राज्यपाल को अपना इस्तीफा भेजा। साथ ही आज इंडिया गठबंधन के विधायक दल की हुई बैठक में हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया।

————————————————————————

मॉनसून के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिम हिस्सों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश हुई है। कई स्थानों पर सौ मिलीमीटर से लेकर दो सौ पैंतीस मिलीमीटर तक बारिश हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सीवान में पिछले दो दिनों से भारी बारिश होने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है।

———बाईट———

सीवान के बड़हरिया में पिछले चौबीस घंटों के दौरान रिकॉर्ड दो सौ पैंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। बड़हरिया में अड़तालीस घंटे की अवधि में चार सौ पचास मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। वहीं, सीवान सदर, लकड़ी नबीगंज, रघुनाथपुर और गौरियाकोठी में भी बहुत भारी बारिश हुई है। बारिश के कारण सड़कों पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। इधर, जिले के महाराजगंज अनुमंडल के देवरिया पंचायत के पड़ाइन टोला के पास गंडकी नदी पर बना पुल आज ध्वस्त हो गया। बारिश के दौरान पुल का एक पिलर धंस गया जिसके बाद पूरा पुल ध्वस्त हो गया। पुल के गिरने से इस मार्ग पर परिचालन बाधित हो गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीवान से आकाश कुमार।

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, जहानाबाद, भोजपुर, बक्सर, पटना, नवादा, नालंदा, गोपालगंज, सारण, सीवान और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जीिर की गयी है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में पिछले चौबीस घंटे में चार लोगों की मौत हो गयी। दरभंगा, नवादा, भागलपुर और पूर्वी चंपारण जिले में एक—एक लोग की मौत की खबर है।

————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

जल ग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के चलते गंगा, गंडक और बागमती नदियों का जल स्तर पटना, मोतिहारी, गोपालगंज शिवहर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर में तेजी से बढा है। बागमती नदी बेलवा, डुब्बाघाट और मुजफ्फरपुर मैं खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके चलते कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया

है। कमला बलान, महानंदा और परमार नदियों में उफान के कारण मधुबनी, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिले में निचले और तटबंध वाले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी, समाचार पटना।

इस बीच, गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंडक नदी में आज एक लाख छब्बीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिला पदाधिकारी मकसूद आलम ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को बांधो की निगरानी के निर्देश दिये हैं। इधर, लगातार हो रही बारिश के कारण नवादा जिले के गोविंदपुर पहाड़ियों में स्थित ककोलत जलप्रपात में आज फिर से बाढ़ आ गयी। डीएफओ संजीव रंजन ने बताया कि चार दिनों में दूसरी बार बाढ़ आई है। उन्होंने बताया कि जान–माल की कोई क्षति नहीं हुई है।

————————————————————————

सारण जिले के जनता बाजार के ढ़ोंढ़ स्थान मंदिर के पास गंडक नदी पर बना एक पुल ध्वस्त हो गया। स्थानीय प्रशासन के अनुसार नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण यह हादसा हुआ है।

————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान होगा। श्री आर्लेकर आज पटना स्थित राजभवन में राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री आर्लेकर ने कहा कि बिहार की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने के लिए हमें लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी।

————————————————————————

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–दो हजार चौबीस के लिए पात्र शिक्षकों से नामांकन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन नामांकन भरने की अंतिम तिथि पन्द्रह जुलाई है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों की प्रक्रिया के माध्यम से कुल पचास शिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह पुरस्कार पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी। पात्र शिक्षक मंत्रालय के पोर्टल पर नामांकन भेज सकते हैं।

————————————————————————

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान साढ़े चार किलो चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की

अंतरराष्ट्रीय कीमत दो करोड़ रुपये बतायी जाती है। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल है। दो तस्कर उत्तर प्रदेश जबकि एक गोपालगंज जिले का रहने वाला है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – परीक्षा में पेपर लीक एक बड़ी समस्या है और सरकार इससे निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

02. केन्द्र सरकार ने उत्तर बिहार में बाढ़ की समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।

03. प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिन्दी माध्यम में भी होगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– नये सत्र से लागू हो जायेगी नई व्यवस्था।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, गया, नालंदा और भागलपुर समेत ग्यारह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।